GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development

तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana134109(India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला-134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

राज्य के सभी,

1. जिला शिक्षा अधिकारी।
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
3. जिला परियोजना समन्वक।
4. प्रधानाचार्य DIET, BIET & GETTI
5. खण्ड शिक्षा अधिकारी।
6. खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादी क्रमांक:– KW 3/1-2016 ACD (1)
दिनांक:– 27.01.2022

विषय:– **राज्य के सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों को कक्षा दसवीं से बारहवीं में पढ़ रहे वैक्सीनेटड विद्यार्थियों के पठन–पाठन के लिए खोलने बारे।**

******

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत करवाया जाता है कि **दिनांक 01.02.2022 से राज्य के सभी सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों को कक्षा दसवीं से बारहवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पठन–पाठन के लिए खोलने का निर्णय लिया गया है।** अतः इस सन्दर्भ में सामाजिक दूरी की अनुपालना करते हुये गत वर्ष जारी की गई SOP अनुसार कक्षाओं का संचालन किया जाये।

उपरोक्त के सन्दर्भ में आपको यह भी अवगत करवाया जाता है कि:–

- **ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा वैक्सीन की पहली डोज लगवा ली गई है, उन्हें विद्यालय में आने की अनुमति होगी।**
- विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन/मुख्यमंत्री दूरवर्ती शिक्षा जारी रखते हुए विद्यालय खोले जा रहे हैं।
- ऐसे विद्यार्थी जो ऑनलाइन शिक्षा से जुड़े रहकर अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, उन्हें इसकी अनुमति रहेगी।
- विद्यार्थी अपने माता–पिता की लिखित अनुमति मिलने पर ही विद्यालयों में पढ़ने हेतु बुलाये जाएंगे।
- विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर कोई बाध्यता नहीं रहेगी तथा इस बारे विद्यार्थियों पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जाएगा। यह पूरी व्यवस्था माता–पिता की सहमति पर ही निर्भर होगी।
- **कक्षा पहली से नौंवी तक के लिये आगामी आदेशों तक यथा स्थिति बनी रहेगी।**